न्यूज ब्रीफ

### संविदा कर्मचारी 21 को करेंगे सत्याग्रह

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** विद्युत संविदा मजदूर संगठन उत्तर प्रदेश के प्रांतीय आवाहन पर शाहजहांपुर मंडल में अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर कार्यरत संविदा कर्मचारियों की ओर से 21 अप्रैल को एक दिवसीय सत्याग्रह किया जाएगा। यह सत्याग्रह सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें लम्बित प्रमुख मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जिले के सभी डिविजनों के उपकेंद्रों से संविदा कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। संगठन की ओर से सभी कर्मचारियों से निर्धारित समय पर पहुंचकर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की गई है।

### महिला परामर्श केंद्र में दंपती में हुआ समझौता

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पुलिस लाइन में महिला परामर्श केंद्र पर 21 पत्रावलियों पर सुनवाई की गई। इस दौरान एक दंपती के बीच समझौता हुआ। थाना रोजा थाना क्षेत्र के एक दंपती जिनका विवाह लगभग दो वर्ष पूर्व हुआ था। दोनों के मध्य पारिवारिक विवाद उत्पन्न हो गया था। महिला एक माह से अपने मायके में रह रही थी। उसका आरोप था कि उसका पति शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करता है। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र पर उपस्थित कराकर आपसी वार्ता कराई गई एवं समझाया-बुझाया गया। दोनों पक्ष आपसी सहमति से पुन: साथ रहने के लिए तैयार हो गए। दोनों को सकुशल विदा किया गया। इस अवसर पर प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र मधु यादव, सिपाही मोनिका कुमारी, बबीता, साकेत कुमार आदि उपस्थित रहे।

### होर्डिंग-बैनर लगाने वालों पर डीएम सख्त

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शहर में बिना अनुमति होर्डिंग, बैनर और पोस्टर लगाने वालों पर प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। कलेक्ट्रेट गेट पर एक मिठाई दुकान के उद्घाटन का पोस्टर चिपका देख डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नाराजगी जताते हुए उसे तुरंत हटवाया और जिम्मेदार व्यक्ति को नोटिस जारी कर दो हजार रुपए का जुर्माना लगाया। डीएम की इस कार्रवाई के बाद शहर में अवैध तरीके से पोस्टर और होर्डिंग लगाने वालों में हड़कंप मच गया है। नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी ने भी नगर निगम की टीमें गठित कर अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं, ताकि अवैध होर्डिंग और बैनर हटाए जा सकें। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शहर ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिना अनुमति लगाए गए होर्डिंग और बैनर चिन्हित कर सख्त कार्रवाई की जाए। इस संबंध में एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। एडीएम ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# परशुराम जयंती पर आस्था का महाकुंभ, हुई जय जयकार

## उबरियाधाम में परशुराम जयंती पर हुआ हवन-पूजन, मंदिर निर्माण कराने का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** अक्षय तृतीया के अवसर पर जिलेभर में धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक कार्यक्रमों की धूम रही। कहीं भगवान परशुराम जयंती पर भव्य शोभायात्राएं और पूजन-अर्चना हुई तो कहीं जन्मोत्सव, भंडारे और सभाओं के जरिए समाज को एकजुटता का संदेश दिया गया। इसी बीच शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा, जबकि राजनीतिक और सामाजिक हस्तियों की मौजूदगी में विभिन्न कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता देखने को मिली।

जलालाबाद। अक्षय तृतीया के अवसर पर उबरियाधाम स्थित भगवान परशुराम स्थल पर हवन-पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य नीरज मिश्र ने बंधु बांधवों के साथ मिलकर विधि-विधान से पूजन किया। इसके बाद आचार्य के मंत्रोच्चार के बीच भगवान परशुराम की प्रतिमा को सुरक्षा और भव्यता देने के लिए मंदिर निर्माण का संकल्प लेते हुए शिला पूजन किया गया।

इस दौरान नीरज मिश्र ने कहा कि भगवान परशुराम केवल ब्राह्मण समाज ही नहीं, बल्कि सभी सनातनियों के आराध्य हैं और वे अन्याय के खिलाफ संघर्ष की प्रेरणा देते हैं। वीरेन पाठक ने कहा कि हाईवे किनारे स्थित उबरिया धाम को भव्य और दिव्य चेतना स्थल के रूप में विकसित करने का संकल्प सभी के सहयोग से पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व बार अध्यक्ष संजीव अग्निहोत्री, मुन्नूलाल मिश्र, प्रिय प्रभाकर पाठक, भोला मिश्रा, सर्वेश तिवारी, कुशल पांडे, अनुज शुक्ला, अमन पांडे, रामवीर यादव, प्रदीप मिश्र, भास्कर पाठक, राहुल भगवा सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**संस्कृत महाविद्यालय में मनाया गया परशुराम जन्मोत्सव, खुदागंज:** नगर के एमएलडी संस्कृत महाविद्यालय में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाचार्य बेचेलाल मिश्रा ने भगवान परशुराम के जीवन परिचय पर विस्तार से जानकारी दी और उनके आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रदीप शर्मा, डॉ. चंद्र सेन पाठक, डॉ. अमरीश त्रिवेदी, अनिल शर्मा, सतीश पंडित, कृष्ण स्वरूप शंखधार, सियाराम नायक, संजीव मिश्रा, विजय त्रिवेदी और पुष्पेंद्र पांडे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।


परशुराम जयंती पर निकली शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु। • अमृत विचार


परशुरामपुरी मंदिर में पूजा-अर्चना करते कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष अजय राय।

### अक्षय तृतीया पर निकली भव्य परशुराम शोभायात्रा

अक्षय तृतीया के अवसर पर भगवान परशुराम जयंती पर ब्राह्मण समाज की ओर से भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कई दिनों की तैयारी के बाद निकली शोभायात्रा में कड़ी धूप के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह देखने को मिला। बिसरात घाट स्थित परशुराम मंदिर से शुरू हुई यात्रा का विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। नगर के प्रमुख बाजारों से होते हुए यात्रा खिरनीबाग मैदान पहुंची, जहां यह सभा में परिवर्तित हो गई। सभा में डॉ. सत्यप्रकाश मिश्र ने शिक्षा और राजनीति में ब्राह्मणों की स्थिति पर चिंता जताई। एडवोकेट रवि मिश्रा ने समाज की भूमिका पर प्रकाश डाला। पूर्व एमएलसी संजय मिश्रा ने भागीदारी बढ़ाने की बात कही, जबकि ब्लॉक प्रमुख श्रीदत्त शुक्ला ने इसे गौरव का विषय बताया। अध्यक्ष डॉ. विजय पाठक ने सभी का आभार व्यक्त किया। मुख्य वक्ता पंडित निर्मल शास्त्री ने एकजुटता पर जोर दिया। अंत में भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में विधायक अरविंद सिंह, प्रदीप पांडे, डीपी सिंह, राजेश अवस्थी, उमेश पाठक, राजकमल वाजपेई, सुशील दीक्षित, श्रवण कुमार दीक्षित, दीपक शर्मा, असित पाठक, गोपाल शर्मा, केके शुक्ला, अनिल मिश्रा आदि रहे।

### पूर्व एमएलसी के आवास पर भव्य आयोजन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर समाजवादी पार्टी के पूर्व एमएलसी कुंवर जयेश प्रसाद के प्रतिष्ठान पर भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना और आरती से हुई, जिसमें जीवेश प्रसाद भी शामिल रहे। इसके बाद आयोजित विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर कुंवर जयेश प्रसाद ने कहा कि जनता का स्नेह और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने साधु-संतों को भोजन कराकर आशीर्वाद लिया और विभिन्न वर्गों के लोगों का सम्मान किया। जागृत प्रसाद सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने भी अतिथियों को माला पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह स्नेह उनके ताऊ जितेंद्र प्रसाद और पिता जयेंद्र प्रसाद के आशीर्वाद का परिणाम है।


उबरियाधाम में परशुराम जयंती पर पूजन करते श्रद्धालु। • अमृत विचार

### परशुरामपुरी में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने टेका मत्था

**शाहजहांपुर/जलालाबाद, अमृत विचार :** परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष अजय राय रविवार को परशुरामपुरी पहुंचे। उन्होंने बाबा परशुराम मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मत्था टेका और आशीर्वाद लिया। इस दौरान क्षेत्रीय लोगों की भीड़ उमड़ी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष ने भगवान परशुराम के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता, रामजी अवस्थी, गौरव त्रिपाठी, तनवीर सफद्दर, फर्मान खान, पूनम पांडे सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लापरवाही: लेखपाल सस्पेंड

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- रात में गांव पहुंचे एडीएम, चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं

**अमृत विचार :** सदर तहसील के चंदौरा बहादुर परगना गांव में ग्रामीणों की शिकायत मिलने पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार रात गांव पहुंचे और पंचायत भवन में चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं। गांव में कैंप न लगाए जाने और किसानों की फार्मर रजिस्ट्री न बनने की बात सामने आने पर उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए लेखपाल आशीष कुमार यादव के निलंबन की रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेज दी, जिसके बाद उप जिलाधिकारी सदर की ओर से लेखपाल को निलंबित कर दिया गया।

रात करीब 8 बजे एडीएम के पहुंचते ही पंचायत भवन पर बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। उन्होंने मौके पर प्रकाश की व्यवस्था कराकर चौपाल शुरू कराई और ग्रामीणों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से केवल एक दिन ही कैंप लगाया गया था, जिससे उनके जरूरी काम अटके हुए थे और उन्हें परेशान होना पड़ रहा था। एडीएम के निर्देश पर पंचायत भवन में तुरंत रोशनी कराकर दर्जनों किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य शुरू कराया गया। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी की ओर से इस कार्य की लगातार समीक्षा की जा रही है और 30 अप्रैल तक पंचायत भवनों पर कैंप लगाकर सभी किसानों की रजिस्ट्री पूरी कराई जाएगी। उन्होंने साफ कहा कि इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# मीरानपुर कटरा में मनाई महर्षि कश्यप जयंती

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** श्रीरामलीला मेला मैदान में महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कश्यप ऋषि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे और श्रद्धा के साथ महर्षि कश्यप को नमन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि वैदिक पुराणों के अनुसार सृष्टि की संरचना में महर्षि कश्यप की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और सप्तऋषियों में उनका विशेष स्थान है। उन्होंने कहा कि कश्यप समाज के लोगों को महर्षि कश्यप के जीवन आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए, क्योंकि उनके बताए मार्ग पर चलकर ही जीवन सफल हो सकता है। इस दौरान प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप और सांसद अरुण कुमार सागर का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सांसद अरुण कुमार सागर, भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, सर्वेश कश्यप, राजीव कश्यप, राजेश कश्यप, पूर्व ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र गुप्ता, लल्ला एडवोकेट, अमित मिश्रा, ओमकार कश्यप और प्रधान बबलेश कश्यप सहित अन्य लोगों ने अपने विचार रखे और महर्षि कश्यप के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।


मीरानपुर कटरा में महर्षि कश्यप जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप व सांसद अरुण सागर। • अमृत विचार

- प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने किया कार्यक्रम का आरंभ, आदर्शों पर चलने का आह्वान

# नारी शक्ति वंदन: मानव श्रृंखला से दिया संदेश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** पीएम श्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में 16 से 18 अप्रैल तक नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की छात्राओं, शिक्षिकाओं और स्टाफ की ओर से बनाई गई विराट मानव श्रृंखला से हुई। इसमें विभिन्न महिला विभागों की सहभागिता भी रही। इसके माध्यम से महिला सशक्तिकरण का प्रभावी संदेश दिया गया।

इसके बाद गाइड छात्राओं ने साहसिक गतिविधियों के तहत मीनार निर्माण और ड्रिल का प्रदर्शन किया। साथ ही दौड़, बैडमिंटन और रस्सी कूद जैसी खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में लोकगीत और लोकनृत्य के माध्यम से भी महिला सशक्तिकरण का संदेश प्रस्तुत किया गया।

प्रधानाचार्य सोनिया गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम को नोडल शिक्षिकाओं विमला वर्मा, अंशु सक्सेना और नेहा मिश्रा के सहयोग से संपन्न कराया गया। विद्यालय परिवार की ओर से बताया गया कि छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार की गतिविधियां लगातार आयोजित की जाती हैं।

# गला तर करने को मात्र तीन शीतल पेयजल बूथ

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी ने अपना प्रकोप दिखाना शुरू कर दिया। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को ठंडे पानी से गला तर करने के लिए तीन शीतल पेयजल बूथ है। ट्रेन के रुकने पर ठंडे पानी के लिए बूथ पर यात्रियों की भीड़ लग जाती है, जबकि कई यात्री बिना ठंडा पानी लिए ट्रेन में चढ़ जाते है। प्लेटफार्म दो ठंडे पानी के दो बूथ थे, उनको तुड़वा दिया गया। स्टेशन पर यात्री ठंडे पानी के लिए इधर-इधर भटकते है।

रेलवे स्टेशन ए ग्रेड की श्रेणी में आता है। यहां गर्मी में यात्रियों के गला तर करने के लिए पहले प्लेटफार्म पर पांच बूथ थे। प्लेटफार्म पर निर्माणधीन फुट ओवरब्रिज और स्वचालित सीढ़ियों को लेकर शीतल पेयजल के दो बूथों को तोड़ दिया। प्लेटफार्म चार, पांच व प्लेटफार्म एक पर पुराना आरपीएफ थाना के पड़ोस में पानी का बूथ था। इन दोनों बूथों को तोड़ दिया गया है। वर्तमान समय में स्टेशन पर प्लेटफार्म एक पर महिला प्रतीक्षालय के पड़ोस शीतल पेयजल बूथ है। इसी प्रकार प्लेटफार्म दो व तीन पर फुटओवर ब्रिज के नीचे तथा दूसरा बूथ पावर केबिन के सामने है। शीतल पेयजल बूथों में कभी-कभी गर्म पानी आता है और आए दिन पानी के बूथ खराब रहते है। जब ट्रेन आकर प्लेटफार्म पर आकर रुकती है तो ट्रेन से उतरकर यात्री खाली बोतल लेकर बूथ पर ठंडे पानी के लिए दौड़ पड़ते है। ठंडे पानी को लेकर यात्रियों में आपस में नोकझोंक तक हो जाती है। ट्रेन के दो मिनट स्टापेज को लेकर कई यात्री खाली बोतल लेकर कोच में चढ़ जाते है। प्लेटफार्म पर नाममात्र के शीतल पेयजल के बूथ होने पर यात्री ठंडे पानी के लिए इधर-उधर भटकते है। रेल अधिकारियों ने बताया कि शीतल पेयजल के बूथ और बढ़ाए जाएंगे।


शीतल पेयजल पानी के बूथ पर यात्रियों की भीड़।

- सौंदर्यीकरण को लेकर दो बूथों को तोड़ दिया, यात्री परेशान

### वाटर वेडिंग मशीन की है जरूरत

स्थानीय रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म एक और दो तथा तीन पर रेल प्रशासन की ओर से कई साल पहले वाटर वेडिंग मशीन लगी थी। मशीन पर ठेकेदार का कर्मचारी बैठता था। यात्रियों को मशीन से पांच रुपये की बोतल भरकर पानी दिया जाता था। गिलास समेत दो रुपये का पानी मिलता था। इस मशीन से यात्रियों को काफी राहत थी, लेकिन रेल प्रशासन ने बंद कर दिया था। यात्रियों ने मशीन लगाने की मांग की।

## लाठी-डंडों से हमला, एक घायल

**परौर, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम गोलागंज निवासी सोनू पुत्र रज्जाक ने थाना परौर में दी तहरीर में बताया कि 23 मार्च 2026 की शाम करीब 8:30 बजे उसके पिता रज्जाक गांव में नेत्रपाल की किराना दुकान पर सामान लेने गए थे।

इसी दौरान गांव के मोहम्मद हसन, अफरोज, आदिल और आजम पुत्र बन्ने खां वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में रज्जाक गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों और ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर उन्हें बचाया। इसके बाद पीड़ित पक्ष ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। थाना अध्यक्ष रामेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# वॉटर टैंक चालू न मिलने पर जताई नाराजगी

संवाददाता, तिलहर

- प्रभारी मंत्री ने किया निरीक्षण तीनों वॉटर टैंक समय सीमा के बाद भी नहीं मिले चालू

**अमृत विचार :** प्रभारी मंत्री ने जल निगम के द्वारा बनाए गए तीन वॉटर टैंक कई माह बीतने के बावजूद चालू न किए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई और जल्द काम खत्म करने के निर्देश दिए। जल निगम के द्वारा नगर में खोदी गई सड़कों की शिकायत पर प्रभारी मंत्री ने कार्यदाई संस्था को जल्द सड़के सही करने का निर्देश दिया। विभाग के एक्सईएन बुखार के चलते गैरहाजिर रहे। पच्चीस मिनट में निरीक्षण खत्म हो गया।

रविवार दोपहर को अचानक जनपद के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप अपने दलबल के साथ नगर के हॉकी मैदान पर जल निगम के द्वारा महत्वाकांक्षी अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत बनाए गए 40000 लीटर क्षमता वाले वॉटर टैंक का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान वॉटर टैंक के प्लास्टर की गुणवत्ता सही न होने पर नाराजगी जताई गई। इसी दौरान बताया गया कि निर्माणाधीन बनवारी लाल कंस्ट्रक्शन ब्लैकलिस्टेड है। इस पर भी मंत्री ने नाराजगी जताई। उन्हें यह भी बताया गया कि मथुरा में संस्था के निर्माणाधीन वॉटर टैंक गिरने से पहले ही यहां का टेंडर दे दिया गया था। इस दौरान व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि ने जल निगम की ओर से की गई सड़कों की खुदाई की मरम्मत सही तरीके से न होने से लोगों को हो रही परेशानी का मुद्दा उठाया। प्रभारी मंत्री ने इस पर अधिकारियों को जल्द सड़कों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए और अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए। निरीक्षण के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण चंद मिश्रा, एसडीएम जीत सिंह राय, सीओ ज्योति यादव, अभियंता हितेश कुमार गुप्ता मौजूद रहे।


निरीक्षण करते प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप, साथ में जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा।

# खाटूश्याम कलश यात्रा से नगर भक्तिमय

संवाददाता, अल्हागंज

**अमृत विचार :** नगर स्थित दिव्य देवस्थान बारह पत्थर पर आयोजित श्री खाटूश्याम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा और श्रीमद भागवत कथा ज्ञान उत्सव के अंतर्गत रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और विधिवत पूजन-अर्चन के बाद यात्रा शुरू हुई। सैकड़ों महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर यात्रा में भाग लिया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

बाईपास मार्ग से होते हुए जब यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों पर पहुंची तो हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। भक्ति गीतों की धुन पर श्रद्धालु नृत्य करते हुए आगे बढ़ते रहे। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया और श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई। पूरे मार्ग में सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रहे, जिससे यात्रा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई। आयोजन समिति के सदस्यों की सक्रियता की सराहना की गई। इस यात्रा ने नगर में एकता, श्रद्धा और उत्साह का संदेश दिया, जिसमें हर वर्ग के लोगों ने भाग लेकर इसे यादगार बना दिया। आयोजन समिति के अनुसार 22 अप्रैल को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो बारह पत्थर धाम से शुरू होकर साहबगंज होते हुए बांध मार्ग से देवस्थान धाम तक पहुंचेगी।


खाटूश्याम कलश यात्रा में शामिल मंदिर समिति के पदाधिकारी और भक्तगण।

- महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर निकाली भव्य यात्रा जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत

## टीईटी अनिवार्यता हटाने की मांग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष अजय राय के शाहजहांपुर आगमन पर साउथ सिटी कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी अनूप वर्मा के आवास पर उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजकमल आर्य के नेतृत्व में शिक्षकों ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष राजकमल आर्य ने बताया कि 1 सितंबर 2025 को सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के तहत 29 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य कर दी गई है, जबकि ये शिक्षक पहले से निर्धारित योग्यता के आधार पर 20 से 25 वर्षों से सेवा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 1.86 लाख और देशभर में करीब 25 लाख शिक्षक इससे प्रभावित हो रहे हैं। शिक्षकों ने अनिवार्यता समाप्त करने की मांग की।

# रोहित कुमार अध्यक्ष, उमेश चुने गए उपाध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** भारतीय खाद्य निगम संविदा श्रमिक संघ का द्विवार्षिक चुनाव रविवार को ख्वाजा फिरोज हनुमत धाम के पीछे आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष असंगठित मजदूर यूनियन उत्तर प्रदेश मो. खुर्शीद और विशेष अतिथि अध्यक्ष विद्युत संविदा मीटर रीडिंग वर्कर यूनियन शिवम मिश्रा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद यूनियन की कार्यकारिणी की ओर से बनाए गए नियमों के अनुसार वर्ष 2026-27 के लिए चुनाव प्रक्रिया आम सभा में सम्पन्न कराई गई। सभा अध्यक्ष रोहित कुमार की अध्यक्षता में आयोजित चुनाव में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष रोहित कुमार, संरक्षक मो. खुर्शीद, उपाध्यक्ष उमेश कुमार पाल, महामंत्री सत्येन्द्र पाल उर्फ शानू, संयुक्त मंत्री सत्येन्द्र कुमार, संगठन मंत्री ओमप्रकाश, मंत्री दिवाकर, कोषाध्यक्ष शिव कुमार पाल और कार्यालय मंत्री आशुतोष सहित कार्यकारिणी सदस्य कमल किशोर और सरोज कुमार को चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अध्यक्ष विद्युत संविदा मीटर रीडिंग वर्कर यूनियन शिवम मिश्रा ने शपथ दिलाई और फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। संरक्षक मो. खुर्शीद ने कहा कि एफसीआई के कर्मचारियों की समस्याओं को शासन और प्रशासन तक पहुंचाकर न्याय दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

सभा में इब्ने हान, नूर अहमद, मो. शकील, धर्मेन्द्र कुमार समेत कई लोगों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री सत्येन्द्र पाल उर्फ शानू ने किया। इस मौके पर विक्रम सिंह, अमित पटेल, त्रिलोकी सिंह, सुनील कुमार, पप्पू, महेश, शिवरतन, रामचन्द्र, नन्हे लाल, विनोद कुमार, अशोक, अरुण कुमार, विशाल सिंह, जोगेन्द्र, महिपाल, लालाराम, रवि, मो. शाजिल, आलम, कल्यान सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।


भारतीय खाद्य निगम संविदा श्रमिक संघ के नवनियुक्त पदाधिकारी। • अमृत विचार

- संविदा श्रमिक संघ का चुनाव सम्पन्न, 11 पदाधिकारी चुने गए

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रेन से गिरकर मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शनिवार की शाम सीतापुर ब्रांच लाइन पर जहानीखेड़ा रेलवे स्टेशन के निकट ट्रेन से गिरकर एक अज्ञात युवक की मौत हो गयी। ट्रेन के लोको पायलट ने स्टेशन मास्टर को सूचना दी। जीआरपी रोजा चौकी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। मृतक की उम्र 35 साल है। मृतक की जेब से कुछ नहीं निकला है। शव की शिनाख्त नहीं हो पायी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### ससुरालियों पर रिपोर्ट

**खुदागंज, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव जलालपुर निवासी इश्राहिल ने थाना पर रिपोर्ट दर्ज करायी है कि उसने अपनी बेटी शाजो की शादी तीन साल पहले राशिद निवासी निगोही के साथ की थी। उसने शादी में अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। दहेज से उसकी बेटी ससुराल वाले खुश नहीं थे। ससुराल वालो बाइक और सोने की चेन की मांग को लेकर उसकी बेटी को पीटकर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दंपती को पीटा, घायल

**खुदागंज, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के दीपपुर नई बस्ती निवासी मैनाज ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि शनिवार को दोपहर तीन बजे पड़ोसी नाजरीन उसे गालियां दे रही थी। वह और उसका पति आशिव घर पर थे। गाली देने का विरोध करने पर आरोपी घर में घुस आए और उसे तथा उसके पति को पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### व्यक्ति लापता

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कांट थाना क्षेत्र के गांव पिपरौला निवासी 45 वर्षीय मनोहर सिंह शनिवार की सुबह नौ बजे साइकिल से रिश्तेदारी में जाने के लिए घर से निकले थे। वह रिश्तेदारी में नहीं पहुंचे। उसके बेटे अंकित यादव ने तलाश किया और पता नहीं चला। उन्होंने पिता की गुमशुदगी दर्ज करायी है।

### उद्घाटन आज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शहर में परिवहन सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए आज सैटलाइट बस अड्डे का उद्घाटन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 09 :30 बजे अहमदपुर निवाजपुर रेती रोजा रोड स्थित स्थल पर आयोजित होगा। उद्घाटन वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के कर कमलों से संपन्न होगा। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शुरू होने से शहर में यातायात व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। पार्षद अल्पना श्रीवास्तव की ओर से शहरवासियों से अपील की गई है कि वे अधिक संख्या में पहुंचकर इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनें।

# बाइक से दादी-पोते गिरे, रोलर से दबकर मौत

## गोला गोकर्णनाथ में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे, चालक रोलर छोड़कर फरार

संवाददाता, सिंधौली/शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** शेखपुर गांव में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिससे तीव्र गति से आ रहे रोलर की चपेट में आकर दादी और पोते की दबकर मौत हो गयी। महिला पति के साथ गोला गोकर्णनाथ जा रही थी। चालक रोलर छोड़कर भाग गया। लोगों की भीड़ लग गयी। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने रोलर को कब्जे में ले लिया है।

सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव दिलावरपुर निवासी 59 वर्षीय गुड्डी देवी अपने पति ओम प्रकाश और 4 वर्षीय पोते अभि के साथ रविवार को दिन में करीब साढ़े 11 बजे बाइक से रिश्तेदारी में गोला गोकर्णनाथ शादी समारोह में शामिल होने जा रही थी।

रास्ते में शेखपुर गांव के निकट पंचायत घर के सामने बाइक के पिछले पहिये पर पत्थर आ जाने से बाइक अनियंत्रित होकर गिर गयी। बाइक पर बैठी महिला और उसका पोता सड़क के ऊपर गिर गए, जबकि उसका पति सड़क के किनारे गिर गया।



घटना स्थल पर बड़ी संख्या में जुटे राहगीर।



मृतका गुड्डी देवी।



मृतक अभि कुमार।

इसी दौरान चैना रुरिया की तरफ से आ रहे रोड रोलर से दादी और पोते की दबकर मौत हो गयी। इस दौरान चालक रोलर भगाने का प्रयास किया तो राहगीरों ने रोलर का पीछा किया।

चालक सड़क के किनारे रोलर खड़ा करके भाग गया। इस दौरान

- घायल ओमप्रकाश ने परिवार वालों को दी घटना की सूचना

राहगीरों की भीड़ लग गयी। मामूली रूप से घायल ओमप्रकाश ने परिवार वालों को फोन पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस ने रोलर और बाइक को कब्जे में ले लिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### परिवार में रोना पीटना

ओमप्रकाश अपनी पत्नी और पोते को लेकर रिश्तेदारी में बाइक से गोला जा रहे थे। उनको दो दिन बाद लौटना था। बाइक का पिछला पहिया पत्थर पर चढ़ने से पलटने से रोलर से दादी और पोते काल के गाल में समा गए। उन्होंने सपने में भी नहीं सोचा था कि यह हादसा हो जाएगा। मृतका गुड्डी देवी के पांच बेटे और दो बेटियां हैं। उसके तीन बेटे और एक बेटी की शादी हो गयी। मृतका का पति ओम प्रकाश खेती बाड़ी करता है। परिवार में रोना पीटना मच गया।

### घायल व्यक्तित की अस्पताल में मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मिर्जापुर क्षेत्र के गांव ढका लालपुर निवासी 50 वर्षीय महेश कुमार ट्रैक्टर मिस्त्री था। 15 अप्रैल की शाम दुकान से अपने घर बाइक से जा रहे थे। रास्ते में रोडवेज बस ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे ट्रैक्टर मिस्त्री घायल हो गए थे। घायल को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। शनिवार की शाम मौत हो गयी। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। चालक बस लेकर भाग गया था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बच्ची हादसे में घायल

**जलालाबाद, अमृत विचार :** आमखेड़ा तालुका गांव में घर के बाहर 06 वर्षीय बच्ची खेल रही थी। बाइक ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव आमखेड़ा तालुका निवासी राजकुमार ने बताया कि उसकी छह साल की बेटी अंजली घर के बाहर खेल रही थी। अचानक बाइक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी पुत्री घायल हो गयी। युवक बाइक लेकर भाग गया। घायल बच्ची सीएचसी पर भर्ती कराया गया।

# अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, कार सवार 4 घायल

संवाददाता, खुटार

- तीन की हालत गंभीर, मेडिकल कॉलेज रेफर
- गोद भराई की रस्म पूरी कर लौट रहे थे कार सवार

**अमृत विचारः** सिधौली थाना क्षेत्र के गांव तेरा निवासी विपिन पुत्र छेद लाल 36 वर्षीय, जितेंद्र पुत्र श्रीपाल 40 वर्षीय, राहुल पुत्र रघुवर दयाल, कार चालक लवलेश पुत्र राधेश्याम 35 वर्षीय निवासी दरियापुर, थाना शाहाबाद, जनपद हरदोई के साथ कार में सवार होकर खुटार थाना क्षेत्र के गांव बरगदिया को गोद भराई की रस्म कार्यक्रम में गए थे। जहां से सभी कार्यक्रम समाप्त होने के बाद कार में सवार होकर वापस घर जा रहे थे कि, वह बरगदिया गांव से कुछ ही दूरी पर निकले थे। कि जंगल के समीप पहुंचे ही कार चालक लवलेश कार पर अपना नियंत्रण खो बैठा। जिससे कार रोड के किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई, जिससे कार में सवार चालक सहित चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस व पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया । जहां पर डॉक्टर ने विपिन, जितेंद्र व राहुल का प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जबकि कार चालक लवलेश को मरहम पट्टी कर छुट्टी दे दी। उधर सिल्लुहा गांव निवासी सिंटू पुत्र रामेंद्र 20 वर्षीय अपने साथी अंकुश पुत्र महेश कुमार निवासी नारायणपुर, थाना मैलानी, जनपद खीरी के साथ बाइक से सिल्लुहा गांव जा रहे थे। वह खुटार कस्बे की मेंन मार्केट में जैसे ही पहुंचे कि सामने से महोलिया वीरान गांव निवासी राजेश कुशवाहा की बाइक सिंटू की बाइक में टकरा गई। जिससे तीनों लोग घायल हो गए, सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने सीएचसी में तीनों घायलों को भर्ती कराया। जहां पर तीनों का उपचार चल रहा है।

उधर खुटार पूरनपुर हाईवे पर जंगल गुरुद्वारा के पास गुरुद्वारा के सेवादार कुलदीप पुत्र दिलबाग सिंह 36 वर्षीय, थाना बिलसंडा, जिला पीलीभीत बाइक से खुटार की ओर आ रहे थे कि, किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह रोड पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने कुलदीप सिंह को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर कुलदीप सिंह का इलाज चल रहा है।

## गर्भवती महिला, युवक पर जानलेवा हमला

**खुदागंज, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव दीपपुर में महिलाओं के बीच कहासुनी के बाद मामला हिंसक हो गया। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाली नाजरीन पत्नी लतीफ ने मैनाज पत्नी आशिव को गालियां दी। विरोध करने पर लतीफ, नाजरीन, अमन और काशिद मिर्जा सहित अन्य लोगों ने घर में घुसकर हमला कर दिया। इस दौरान गर्भवती मैनाज को लात मारी गई और उसके पति पर लाठी-डंडों व बांका से जानलेवा हमला किया गया।

घटना दोपहर करीब तीन बजे की बताई जा रही है, जिसमें दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोप है कि हमलावरों ने धारदार हथियार से हमला किया, जिससे युवक के पेट में और महिला के शरीर पर गंभीर चोटें आईं। पीड़ित दंपती ने थाना खुदागंज में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित का कहना है कि हमला पुरानी रंजिश में किया। पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# आरोग्य मेले में अनुपस्थित डॉक्टर पर जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- सीएमओ ने किया जलीकोठी और सुंदरनगर केंद्रों का निरीक्षण

**अमृत विचारः** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा ने अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जलीकोठी में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एलएमओ डॉ. रोशनी सक्सेना आकस्मिक अवकाश पर मिलीं, जबकि अन्य स्टाफ मौजूद था। ओपीडी में 30 मरीज देखे जा चुके थे और फार्मासिस्ट अभिषेक श्रीवास्तव दवाएं वितरित कर रहे थे। दवा कक्ष में दवाओं को सुव्यवस्थित रखने और एक्सपायरी जांच कर वितरण के निर्देश दिए गए।

एएनएम मंजू ने 9 बच्चों का टीकाकरण किया था, जिन्हें रिपोर्ट समय पर यूविन पोर्टल पर अपलोड करने को कहा गया। एआरवी कक्ष में स्टाफ नर्स मनीषा और अवनीश पटेल मौजूद मिले, जहां 51 मरीजों को डोज दी जा चुकी थी और 186 वायल उपलब्ध थीं। सीएमओ भावलखेड़ा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुंदरनगर पहुंचे जहां चिकित्सा अधिकारी डॉ. महताब अहमद, फार्मासिस्ट विष्णु प्रताप शुक्ला सहित स्टाफ मौजूद मिला। लेबर रूम में एक डिलिवरी सोनपारा की कराई गई थी। यहां 3 बच्चों और 2 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया तथा 6 बच्चों को आयरन सिरप पिलाई गई। लैब टेक्नीशियन मंजुरी शुक्ला ने हीमोग्लोबिन, विडाल, आरबीएस, मलेरिया और एएनसी जांचें कीं, जिनमें कोई धनात्मक केस नहीं मिला। सीएमओ ने अस्पताल परिसर और शौचालय की नियमित साफ-सफाई और स्टाफ को वेशभूषा में रहने तथा मरीजों से मधुर व्यवहार करने के निर्देश दिए।

## मकान का ताला तोड़कर लाखों का सामान पार

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के गांव सियुरा निवासी बृजराम सिंह के बेटे गुरुग्राम में कारोबार करते हैं।

उन्होंने गांव में रहने के लिए दूसरा मकान रामवीर सिंह के साथ मिलकर बनवाया है। शुक्रवार को बृजराम सिंह गाय बेचकर मिले रुपये रखने के लिए मकान पर पहुंचे तो गेट का ताला खोलने के बाद अंदर एक कमरे का दरवाजा टूटा मिला और रामवीर सिंह के कमरे का ताला भी टूटा था। कमरे में रखे बक्सों से कपड़े और करीब साढ़े चार लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर तथा अलमारी में रखी करीब 800 रुपये गायब थे।

क्षेत्राधिकारी सदर प्रयांक जैन मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। थाना प्रभारी उमेश कुमार मिश्र ने रिपोर्ट दर्ज की है।

नामजद आरोपियों के करीब पुलिस पहुंच चुकी है और जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

# 25-25 हजार का इनामी प्रेमी जोड़ा गिरफ्तार

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** नगर की मधुबन कॉलोनी निवासी प्रॉपर्टी डीलर सतीश चंद्र गंगवार की हत्या के मामले में छह वर्षों से फरार चल रहे 25-25 हजार रुपये के इनामी प्रेमी जोड़ा को पुलिस ने सरयू पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। रविवार को पकड़े गए आरोपियों में राजनपुर गांव का कपिल गंगवार और पिपरा गांव की सुनीता गंगवार शामिल हैं।

22 मई 2019 को सतीश की घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी। मृतक के पिता लेखराज ने हत्या का आरोप लगाया था, लेकिन विसरा सुरक्षित होने के कारण तत्काल मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। 15 दिसंबर 2019 को आई रिपोर्ट में सतीश को शराब में जहर दिए जाने की पुष्टि हुई। जांच में सतीश की पत्नी सुनीता और उसके ननदोई कपिल के बीच अवैध संबंध सामने आए। विरोध करने पर दोनों ने साजिश के तहत पहले जहर



पुलिस हिरासत में आरोपी कपिल गंगवार और सुनीता गंगवार ।

- प्रॉपर्टी डीलर हत्या मामले में छह साल से चल रहा था फरार
- पहचान छिपा नोएडा व बद्दी में रहे बिना मोबाइल के गुजारा किया

दिया और फिर गला दबाकर हत्या कर दी। घटना के बाद 25 अगस्त 2020 को सुनीता अपनी छह वर्ष की बेटी अवंतिका को लेकर कपिल के साथ फरार हो गई थी। इसके बाद 31 दिसंबर 2020 को कोर्ट के आदेश पर दोनों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया और उन पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया। पुलिस के अनुसार फरार रहने के दौरान दोनों ने अपनी पहचान छिपाकर रखी और किसी भी आईडी या मोबाइल का उपयोग नहीं किया। पूछताछ में कपिल ने बताया कि वह पहले नोएडा में निजी स्कूल में शिक्षक रहा और बाद में हिमाचल प्रदेश के बद्दी क्षेत्र में भी शिक्षक के रूप में कार्य करता रहा।

गिरफ्तारी के बाद सुनीता की 12 वर्षीय पुत्री अवंतिका कोतवाली में मौजूद है, जबकि पुत्र सूर्यांश पिछले छह वर्षों से दादा लेखराज के साथ रह रहा है।

# पौधरोपण कर दिया गया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** लायन क्लब शक्ति की ओर से पर्यावरण संरक्षण सप्ताह के दूसरे दिन ऑफीसर कॉलोनी और पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीओ सदर प्रियंक जैन की पत्नी शिखा जैन की मौजूदगी में पौधे लगाए गए।

शिखा जैन और लायन क्लब अध्यक्ष ललिता यादव ने पौधारोपण करने, पर्यावरण को स्वच्छ रखने और पॉलिथीन का उपयोग न करने की अपील की। अध्यक्ष ललिता यादव ने बताया कि क्लब की ओर से लगातार पौधारोपण और जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। बताया कि लायन



पौधरोपण करतीं क्लब की सदस्य।

इंटरनेशनल क्लब की ओर से 18 अप्रैल से 26 अप्रैल तक एनवायरमेंट वीक्स ऑफ सर्विस मनाया जा रहा है। इस दौरान विद्यालयों में पर्यावरण संरक्षण पर निबंध और स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी और विभिन्न स्थानों पर लोगों को जागरूक किया जाएगा।

## भाकियू परिवर्तनवादी में संगठन विस्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन परिवर्तनवादी के संगठन विस्तार अभियान के तहत नए पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव के निर्देशन में पवन वीर सक्सेना को बरेली मंडल का मंडल अध्यक्ष और राघवेंद्र सिंह को व्यापार मंडल अध्यक्ष बनाया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव ने दोनों पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर स्वागत किया और संगठन में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई। उन्होंने कहा कि किसान हितों को प्राथमिकता देते हुए संगठन को मजबूत करना सभी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन में अनुशासन बनाए रखते हुए कार्य करना जरूरी है, जिससे संगठन को और मजबूती मिल सके।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की प्रतिमा का अनावरण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कटरा विधायक ने किया अनावरण, गुरुकुल टीम ने प्रस्तुत किया स्वागत गीत
- सेनानी के परिजनों को शाल व स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित, सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार :** जिला के ग्राम उमरसड़ में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर योगेंद्र पाल सिंह तोमर की प्रतिमा का भव्य अनावरण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन उनके सुपुत्र विजय सिंह तोमर की ओर से किया गया। इसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही। प्रतिमा का अनावरण कटरा विधायक डॉ. वीर विक्रम सिंह प्रिंस ने किया। इससे पूर्व गुरुकुल रूद्रपुर से आई टीम ने हवन पूजन कराया और मुख्य अतिथि के स्वागत में गीत प्रस्तुत किया।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के जिला संरक्षक ठाकुर विजय सिंह तोमर ने अपने पिता के जीवन पर प्रकाश डाला। वहीं संगठन के जिला अध्यक्ष राजीव कुमार राजे ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारियों के हित में मुख्यमंत्री को संबोधित 11 सूत्रीय ज्ञापन मुख्य अतिथि को सौंपा। विधायक ने ज्ञापन को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने और समाधान कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को शाल, माल्यार्पण और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में राजीव कुमार राजे, सत्य प्रकाश सिंह, अवधेश सिंह, चन्द्र मोहन शंखधार, ओमकांत शुक्ला, जमालुद्दीन और अनुरुद्ध कुमार शास्त्री प्रमुख रहे। कार्यक्रम का संचालन हास्य-व्यंग्य कवि विजय तन्हा ने किया। इस मौके पर खुदागंज चेयरमैन सुधीर सिंह, मदनापुर ब्लॉक प्रमुख महेश पाल सिंह, डॉ. प्रमोद कुमार सिंह, राजवीर सिंह, प्रताप सिंह यादव, सुग्रीव सिंह, गौरव सागर, ओम प्रकाश गुप्ता, मुनीश सिंह परिहार, मुन्ना सिंह तोमर, अनुराग सिंह तोमर, तेजेन्द्र पाल सिंह तोमर और विक्रम सिंह गंगवार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। अंत में आयोजक विजय सिंह तोमर ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का प्रधानमंत्री पर तीखा हमला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पत्नी के सम्मान और महिला आरक्षण को लेकर साधा निशाना

**अमृत विचारः** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने शाहजहांपुर पहुंचकर महिला आरक्षण के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अपनी पत्नी को सम्मान और घर में स्थान नहीं दे पाया, वह महिला आरक्षण की बात कर रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर पत्नी को घर में स्थान देने के लिए कहा जाए।

उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके पत्नी के साथ व्यवहार से होती है। अजय राय ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने तीन बार विधानसभा चुनाव लड़े, लेकिन हलफनामे में अपनी पत्नी का उल्लेख नहीं किया और वर्ष 2014 में इस बात को सामने आने के बाद ही इसका जिक्र किया गया। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि जहां आर्थिक लाभ की संभावना होती है, वहीं पर पैसा लगाया जाता है और अयोध्या व काशी में बाहरी लोग लाभ कमा रहे हैं।

कहा कि मथुरा में भी इसी तरह की स्थिति बनाने की कोशिश की गई, लेकिन लोग जागरूक हो गए। अजय राय ने भगवान परशुराम की जन्मस्थली के सौंदर्यीकरण व विकास की मांग भी उठाई।

# आंबेडकर प्रतिमा हटाने पर पुलिस-महिलाओं में नोकझोंक

संवाददाता, जलालाबाद/शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** राजपुरा नगला गांव में शनिवार की रात किसी ने अंबेडकर प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे गांव में तनाव फैल गया। सूचना मिलने पर एसडीएम प्रभात राय और पुलिस अधिकारी गांव में पहुंच गए। अधिकारियों ने प्रतिमा को हटवा दिया। महिलाओं का आरोप है कि प्रतिमा हटाने का विरोध करने पर पुलिस ने उनके साथ मारपीट और गलत भाषा का प्रयोग किया। अधिकारियों का कहना है कि प्रतिमा बिना अनुमति के स्थापित की गयी थी, इसलिए उसे हटाया गया है।

जलालाबाद के गांव राजपुरा नगला में शनिवार की रात अंबेडक प्रतिमा का एक हाथ तोड़ दिया गया था। जिससे गांव में तनाव हो गया। गांव वालों ने डायल 112 को सूचना दी। सिपाहियों ने थाना पर सूचना दी। थाना प्रभारी फोर्स के साथ पहुंच गए। पीछे से एसडीएम प्रभात राय



आंबेडकर की प्रतिमा तोड़े जाने पर रोष जताते ग्रामीण।



गांव में तैनात पुलिस फोर्स।

- आरोपः पुलिस ने की मारपीट प्रधान की सहमति से लगी प्रतिमा

और पुलिस अधिकारी भी पहुंच गए। पुलिस ने विवादित प्रतिमा हटवाकर किसी अज्ञात स्थान पर पहुंचा दिया। इस दौरान महिलाओं की पुलिस से जमकर नोकझोंक हुई। कई थानों का पुलिस फोर्स पहुंच गया। आरोप है कि महिला पुलिस कर्मचारियों ने मारपीट की और गलत शब्दों का प्रयोग किया। ग्रामीणों ने अधिकारियों को बताया कि ग्राम प्रधान ने मूर्ति के लिए दो हजार रुपये चंदा दिया था। मूर्ति करीब चार साल से स्थापित रखने के लिए रखी थी। परन्तु प्रशासन की अनुमति न मिलने के कारण स्थापित नहीं की जा सकी। ग्राम प्रधान की सहमति से 14 अप्रैल को अंबेडकर के जन्मदिन पर ग्राम समाज की भूमि पर मूर्ति स्थापित करा दी गयी थी। वहां पर जन्म दिन कार्यक्रम भी गनाया गया था।

ग्रामीणों का आरोप है कि शनिवार की रात आठ बजे गांव के दो लड़कों ने अंबेडकर प्रतिमा की एक हाथ की अंगुली तोड़ दी। आरोप है कि पुलिस मूर्ति तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई न करके, बल्कि मूर्ति स्थापित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। जहां पर मूर्ति स्थापति की गयी थी, वहां पर चारों तरफ कंडे पाथ रखे थे। ग्रामीणों ने जमीन ग्राम समाज की है। गांव में पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गांव में शांति का वातावरण है और सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया है।

वहीं एएसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे ने बताया कि शनिवार की रात ग्रामीणों ने सूचना दी कि प्रधान ने सहयोगी के साथ राजनीति का लाभ लेने के लिए सरकारी जमीन पर बिना अनुमति के आंबेडकर प्रतिमा स्थापित की है। एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। गांव में पुलिस फोर्स तैनात है।

## कार में लगी आग बरातियों ने बचाई जान

**निगोही/शाहजहांपुर, अमृत विचार :** निगोही-बीसलपुर मार्ग पर भीमराव आंबेडकर पार्क के सामने एक कार में आग लग गई।

कार में चालक समेत पांच बाराती शनिवार की शाम बीसलपुर की ओर जा रहे थे। निगोही-बीसलपुर मार्ग पर डॉ. भीमराव आंबेडर पार्क के निकट कार के इंजन में अचानक धुंआ निकलते देखा। कार के अंदर बैठे बराती घबरा गए और कहने लगे कि इंजन के पास आग लग गयी। इस दौरा चालक और चार बराती कार का दरवाजा खोलकर बाहर निकले। इसी बीच आग ने विकरारल रूप धारण कर लिया। शोर मचाया कि कार में आग लग गयी। दुकानदारों ने पानी डालकर आग को बुझाने का प्रयास किया।

कुछ लोगों ने मिट्टी आग की लपटों पर मिट्टी डाली। एक घंटे तक अफरा-तफरी रही। आग का कारण शार्ट सर्किट है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि साथी कार को दूसरे वाहन से बांधकर ले गए।

# शिक्षा चौपाल में शिक्षकों और प्रधानों को मिला गौरव

संवाददाता, पुवायां

- स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना रहा उद्देश्य

**अमृत विचार :** न्याय पंचायत ररुआ की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शिक्षा चौपाल कार्यक्रम का भव्य आयोजन संविलयन विद्यालय ररुआ में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख बंडा ओमप्रकाश के द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, ग्राम प्रधानों एवं वरिष्ठ शिक्षकों का माल्यार्पण व बैच लगाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इसके पश्चात सेवानिवृत्त शिक्षक वीरपाल एवं नरेश चंद्र श्रीवास्तव ने शिक्षा चौपाल के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि ओमप्रकाश ने न्याय पंचायत ररुआ के विद्यालयों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों, शिक्षामित्रों एवं कायाकल्प योजना के अंतर्गत बेहतर कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में सामूहिक प्रयासों की सराहना करते हुए गुणवत्ता सुधार पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन गुरेन्द्र सिंह ने किया। इस दौरान ग्राम प्रधान ररुआ चमन सिंह वर्मा, ग्राम प्रधान नटीउरा जसप्रीत कौर, ग्राम प्रधान कैथ भगौतीपुर गुरजंट सिंह, हरबंस सिंह राणा (बालेमऊ), अनूप सिंह (नवदिया) सहित न्याय पंचायत ररुआ के समस्त शिक्षक संकुल व विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे।

## छात्रा से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शहर में कोचिंग जाते समय छात्रा के साथ छेड़छाड़ करना और तेजाब डालकर चेहरा बिगाड़ देने के मामले में सदर बाजार पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का पास्को आदि की धारा में चालान कर दिया।

सदर बाजार थाना क्षेत्र की एक युवती ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री कोचिंग पढ़ने के लिए जा रही थी। रास्ते में आरोपी कुनाल उर्फ कुन्नू निवासी बाईबाग कालोनी थाना सदर बाजार ने उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ की और आरोपी ने छात्रा को धमकी दीकि चेहरे पर तेजाब डालकर जला देगे। पुलिस ने पाक्सो आदि की धारा के तहत आरोपी कुनाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। पुलिस ने सुबह सवा छह बजे आरोपी को अशफाकनगर तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। आरोपी पर पहले से दो मुकदमें विभिन्न धारा के दर्ज है।

## न्यूज ब्रीफ

### सहसवान में खजूर के पेड़ पर मिला शव

**सहसवान, अमृत विचार :** सहसवान क्षेत्र में एक व्यक्ति का शव खजूर के पेड़ पर लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मोहल्ला सैफुल्लागंज के खेतों पर काम कर रहे लोगों ने पेड़ पर शव लटका देखा। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान सैफुल्लागंज निवासी गंगा सहाय उर्फ भूरा पुत्र होती के रूप में हुई। परिजन चीत्कार करते हुए पहुंचे। पुलिस ने मोहल्ले के लोगों से जानकारी की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इसकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### घर के बाहर खड़ी कार चोरी

**कादरचौक, अमृत विचार :** कस्बा कादरचौक निवासी सुधीर गुप्ता ने बताया कि उन्होंने अपनी ईको कार घर के सामने खड़ी की थी। रात में चोर कार चोरी करके ले गए। आस-पास कार को तलाश किया लेकिन कहीं पता नहीं चला। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर खुलासे की मांग की है। थानाध्यक्ष विक्रम सिंह ने बताया कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। फिर भी जांच की जा रही है।

### दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

**उघैती, अमृत विचार :** थाना उघैती क्षेत्र के गांव स्वरूपपुर के पास शनिवार शाम दो बाइकों की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को बिसौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने गांव रोनाई निवासी मलकीत (22) पुत्र रघुवीर को मृत घोषित कर दिया जबकि घायल बिसौली निवासी धीरज पुत्र महकू को भर्ती किया गया है।

### राम नाम के सुमिरन से जीवन का कल्याण

**ओरछी, अमृत विचार :** रविवार को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की कथा के प्रथम दिन समूचा परिवेश भक्तिमय हो उठा। कथा के शुभारंभ के अवसर पर गांव में मंगल कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें महिलाओं ने, उत्साहपूर्वक भाग लिया। कलश यात्रा गांव भर में घूमी। इसके बाद राम कथा शुरू हुई। थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव सिसरका में रविवार को राम कथा का शुभारंभ हुआ। कथा के प्रथम दिन कथा वाचक देशपाल भारद्वाज ने राम नाम की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि संसार की समस्त सिद्धियां और सुख भगवान के नाम मात्र को जपने से प्राप्त हो जाते हैं।

# सीजन का सबसे गर्म दिन पारा 42 डिग्री पर पहुंचा

## सुबह 11 बजे तक 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था पारा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** रविवार को इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। अधिकतम तापमान 42 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शनिवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। बीते छह दिनों में अधिकतम तापमान में करीब चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई है। दिन के समय हालात ऐसे रहे कि 11 बजे तक तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा था। धूप की तेजी और चल रही गर्म हवाओं की वजह से सड़कों पर सन्नाटे वाली स्थिति बन गई। जरूरी काम से निकले लोग की दिखाई दे रहे थे।

मौसम में तेजी से बदलाव हुआ है। पारा लगातार ऊपर जा रहा है। पारा चढ़ने से गर्मी का आम जनमानस पर दिखाई देने लगा है। दोपहर के समय हालात ऐसे हो गए हैं कि बाजारों और सड़कों


धूप और गर्म हवा से बचने के लिए मुंह पर कपड़ा लपेटकर जाता व्यक्ति।

पर सन्नाटा पसरने लगा है। लोग अत्यधिक गर्मी और झुलसा देने वाली धूप से बचने के लिए जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार रविवार को अधिकतम तापमान 42 और न्यूनतम पारा 25 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। छह दिन पहले 14 अप्रैल को अधिकतम तापमान 38 और न्यूनतम पारा 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इस तरह छह दिनों में अधिकतम तापमान में वृद्धि होने से दिन में गर्मी का स्तर काफी बढ़ गया है। पिछले एक सप्ताह के आंकड़ों पर नजर डालें तो न्यूनतम तापमान में सात डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में साथ साथ वृद्धि हो रही है। तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते स्वास्थ्य पर भी असर पड़ने लगा है। अस्पतालों में डिहाइड्रेशन, सिरदर्द और लू लगने के लक्षणों वाले मरीजों की संख्या बढ़ रही है।

### दोपहर में धूप से बचने की सलाह

तापमान में लगातार वृद्धि होने से लोग बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। ऐसी स्थिति बनने पर कृषि विभाग के अधिकारी लोगों को दोपहर के समय धूप में निकलने से बचने की सलाह दे रहे हैं। वहीं डॉक्टर भी गर्मी के दौरान पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, हल्के और ढीले कपड़े पहनने, सिर को ढककर बाहर निकलने और बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की अपील कर रहे हैं। प्रशासन की ओर से भी लोगों को सतर्क रहने और लू से बचाव के उपाय अपनाने के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

# अक्षय तृतीया पर सोने की बढ़ी कीमतों के बीच धनवर्षा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- त्योहार पर लगभग 47 करोड़ का कारोबार होने का अनुमान
- अक्षय तृतीया पर सोने-चांदी के आभूषणों की खरीदारी को उमड़ी भीड़, देर शाम दुकानों पर रही रौनक
- ऑटो सेक्टर में भी वाहनों की हुई रही खरीदारी, बिके छोटे बडे करीब आठ सौ से अधिक वाहन

**अमृत विचार:** अक्षय तृतीया पर जनपद के सर्राफा बाजार में सोने की बढ़ी कीमतों के बीच जमकर धनवर्षा हुई। लोगों ने अपनी राशि के अनुसार शुभ माने जाने वाली सोना व चांदी की वस्तुओं की खरीदारी की। लोगों के द्वारा विवाह व अन्य समारोह के लिए एडवांस बुकिंग भी की। देर शाम तक सर्राफा बाजार में खरीदारों की भीड़ उमड़ने से कारोबारियों के चेहरे खिले रहे।

अक्षय तृतीया पर्व पर महंगाई असर साफ दिखाई दिया। छाई महंगाई को लेकर लोगों में खरीदारी को लेकर अधिक उत्साह नहीं था। इसके बाद भी उनके द्वारा अपनी क्षमता के अनुसार सोने चांदी के आभूषण खरीदे गए। जिसकी वजह से कारोबार लगभग 47 करोड़ होने का अनुमान जताया गया। वहीं ऑटो सेक्टर भी अधिक बिकवाली को लेकर रौनक रही। जिले भर में छोटे बडे करीब 8 सौ से अधिक वाहनों की खरीदारी हुई।

मां लक्ष्मी के अवतरण दिवस के रूप में रविवार को अक्षय तृतीया पर्व मनाया गया। मंदिरों व घरों में धार्मिक अनुष्ठान हुए। श्रद्धालुओं ने धन की देवी मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की। वैदिक मान्यता के


दुकान से आभूषण खरीदते लोग। ● अमृत विचार

अनुसार अक्षय तृतीया पर सोना-चांदी के आभूषणों की खरीदारी करना शुभ माना जाता है। अक्षय तृतीया पर शहर के साथ कस्बों में सर्राफा बाजार में रौनक रही। सर्राफा कारोबारियों ने दुकानें सुबह ही अपने प्रतिष्ठान खोल लिए थे। सुबह से ही ग्राहकों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। जो देर शाम तक जारी रहा। पिछले साल की अपेक्षा इस दस ग्राम सोने के भाव 1.58 लाख रहा। डेढ़ लाख से अधिक सोने का भाव रहने की में कारोबारियों ने कम वजन के आभूषण बाजार में उतारे। सोने के भाव अधिक होने पर लोगों ने खरीदारी को लेकर अधिक उत्साह नहीं दिखा। लोगों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार ही सोने और चांदी के आभूषणों की खरीदारी की। पर्व पर पूरे दिन ग्राहकों की आवक रहने पर सर्राफा कारोबारियों के चेहरे खिले रहे। उनके द्वारा ग्राहकों को कई प्रकार के ऑफर दिए गए। उनके द्वारा मेकिंग चार्ज में छूट के साथ उपहार भेंट किए गए। सर्राफा व्यापारियों द्वारा ग्राहकों को कई ऑफर दिए जाने के बाद भी कारोबार बुलंदियों पर नहीं पहुंचा। सर्राफा एसोसिएशन के महामंत्री अरविन्द के अनुसार करीब 47 करोड़ के आस पास कारोबार रहा। बताया कि सोने चांदी के भाव अधिक रहने की वजह से ग्राहकों ने सामर्थ्य के अनुसार ही खरीदारी की। वहीं दूसरी और अक्षय तृतीया पर ऑटोमोबाइल सेक्टर भी खासी रौनक रही। सहालग के सीजन और पर की महत्ता को देखते हुए वाहनों की खरीदारी। जिले की हीरो एजेंसी के शोरूम पर करीब 300 छोटे वाहन बिके। वहीं छोटे बडे करीब 8 सौ वाहनों लोगों ने खरीदे।

### ग्राहकों को मिली मेकिंग चार्ज की छूट

अक्षय तृतीया पर टीकाराम ज्वेलर्स ने ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर पेश किया। टिकट गंज स्थित टीकाराम ज्वेलर्स के शोरूम पर ग्राहकों में काफी अच्छा उत्साह देखने को मिला। ज्वेलरी ब्रांड सोने, हीरे व पोल्की आभूषणों के मेकिंग चार्ज पर ग्राहकों को 100 प्रतिशत तक की छूट मिली। टीकाराम ज्वेलर्स शोरूम के मालिक प्रमुख वैश्य ने कहा कि लंबे समय से ग्राहकों में विश्वास बनाया है। आने वाले समय में और ऑफर लेकर आएंगे।

## महिलाओं को किया गया जागरूक

**बिल्सी, अमृत विचार:** मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना पुलिस ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपस्थित महिलाओं को जागरूक किया। केंद्र प्रभारी रचना देशवाल के साथ दर्जनों महिलाएं उपस्थित रहीं। थाना पुलिस ने महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता से जुड़े विषयों पर जानकारी दी। टीम ने साइबर अपराध, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ व उत्पीड़न जैसी समस्याओं से बचाव के व्यवहारिक उपाय सरल भाषा में समझाए। इस मौके पर महिला कांस्टेबल सोनिया कुमारी समेत पुलिस टीम मौजूद रही।


महिलाओं को जागरूक करती पुलिस।

# डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा जिला अस्पताल

- दो डॉक्टरों की मौत के बाद मरीजों को हो रही दिक्कत
- आठ बजे ओपीडी में बैठने के निर्देश तीसरी आंख से होगी निगरानी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** एक सप्ताह में दो डॉक्टरों की मौत और एक डॉक्टर के बाहर चले जाने के बाद जिला अस्पताल डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा है। अस्पताल प्रशासन ने चेतावनी दी है कि ओपीडी में डॉक्टर समय से पहुंचे और नियमित मरीजों को देखें। सीसीटीवी कैमरों से डॉक्टरों पर नजर रखी जाएगी।

पिछले एक सप्ताह के दौरान डा. गणेश यादव और डा. हरीश राजपूत की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो चुकी है जबकि बाल रोग विशेषज्ञ पूर्व सीएमएस डा. कप्तान सिंह को भी दिल का दौरा पड़ा लेकिन वह बच


ओपीडी के बाहर लाइन में लगे मरीज। ● अमृत विचार

> जिला अस्पताल में 37 चिकित्सक हैं जिनमें से दो चिकित्सकों की मौत हो चुकी है और एक चिकित्सक का दूसरे जिले को ट्रांसफर हो चुका है इसलिए इस समय डॉक्टरों की कमी बड़ी समस्या बनी हुई है। अब डॉक्टरों को समय से ओपीडी में पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। सीसीटीवी कैमरों से ओपीडी पर नजर रखी जाएगी।
> **डा. अमित वार्ष्णेय, सीएमएस**

गए। डा. कप्तान सिंह का दस दिन पूर्व मुरादाबाद के चंदौसी को ट्रांसफर हो गया। इसलिए वह भी चले गए। अब तीन डॉक्टरों के न होने से जिला अस्पताल में डाक्टरों की कमी हो गयी है। इसलिए सीएमएस डा. अमित वार्ष्णेय ने डॉक्टरों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह लोग सुबह आठ बजे हर हाल में ओपीडी में पहुंचे और नियमित मरीजों को देखें। जिससे मरीजों को दिक्कत न हो। उन्होंने कहा कि दो डॉक्टरों की मौत के बाद समय में परिवर्तन करना पड़ रहा है। कहा कि सुबह आठ बजे ही ओपीडी पहुंचे और दो बजे तक मरीजों को देखें। देर से आने वाले मरीजों को भी दवा मिल सके। सीएमएस ने सभी विभागों को निर्देशित किया है कि अपने समय में बदलाव लाएं।

जिला अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ न होने से काफी समय से दिक्कत हो रही है। पूर्व सीएमएस डा. कप्तान सिंह बाल रोग विशेषज्ञ थे वह बच्चों को अपने कार्यालय में ही देखते थे लेकिन उनके जाने के बाद दूर-दराज से आने वाले छोटे बच्चों को वापस लौटना पड़ता है।

## उझानी के रेलवे स्टेशन मास्टर किए गए सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** उझानी रेलवे स्टेशन पर तैनात स्टेशन मास्टर अनुराग सिंह को सेफ्टी स्टार ऑफ द मंथ घोषित करते हुए इज्जत नगर रेलवे प्रशासन ने एक कार्यक्रम में उन्हें सम्मानित किया है।

महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर ने 15 अप्रैल को महाप्रबंधक सभाकक्षगोरखपुर में संरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 3 कर्मचारियों को सेफ्टी स्टार ऑफ द मंथ घोषित कर नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसमें इज्जतनगर मंडल के उझानी स्टेशन पर स्टेशन मास्टर के पद पर कार्यरत अनुराग सिंह ने 19 फरवरी को डाउन वीसीएन मालगाड़ी के पास करते


कार्यक्रम में स्टेशन मास्टर अनुराग सिंह।

समय देखा कि वैगन संख्या-31082421447 का चक्का लाल है। इस पर तत्परता दिखाते हुए गार्ड को लाल सिगनल दिखाकर गाड़ी को रुकवाया और चेक करने पर पाया कि वैगन के ब्रेक ब्लॉक जाम है, जिसे गार्ड व लोको पायलट द्वारा रिलीज कर संरक्षा पूर्वक चलाया गया। श्री सिंह की सतर्कता व सजगता से एक सम्भावित घटना को रोका जा सका।

# देर से पहुंचने पर सीएमओ ने डॉक्टर को लगाई फटकार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सीएमओ डा. मोहन झा ने रविवार को आरोग्य मंदिरों पर लगने वाले स्वास्थ्य मेले का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने दो पीएचसी का निरीक्षण किया। एक जगह पर डॉक्टर नहीं मिले जबकि दूसरी जगह गंदगी मिलने पर स्टाफ को फटकार लगाई और कार्यशैली में सुधार लाने के निर्देश दिए।

रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले आयोजित किए जाते हैं जिससे मरीजों को अवकाश के दिन दवाएं मिल सकें, लेकिन स्वास्थ्य विभाग में लापरवाही के चलते रविवार को लगने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य मेलों में डाक्टर समय से नहीं पहुंच रहे हैं जिससे मरीजों को दिक्कत होती है। इस समस्या को लेकर रविवार को सीएमओ डा मोहन झा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कादरचौक क्षेत्र के


वादुल्लागंज में आरोग्य मंदिर का जायजा लेते सीएमओ डा. मोहन झा। ● अमृत विचार

ग्राम भूड़ा भदरौल की पीएचसी पर पहुंचे जहां पर स्टाफ तो था लेकिन डॉक्टर नहीं थे जिस पर सीएमओ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यशैली में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीज डॉक्टर का इंतजार कर रहे हैं जबकि डाक्टर गायब हैं अब ऐसा नहीं चलेगा। उन्होंने ग्राम वादुल्लागंज स्थित पीएचसी का निरीक्षण किया। यहां पर अस्पताल परिसर में गंदगी मिलने पर स्वास्थ्य कर्मियों को फटकार लगाई और साफ-स्वच्छ परिसर बनाने के निर्देश दिए। मरीजों से बात करने पर बताया गया कि डॉक्टर भी देरी से आते हैं और जल्दी चले जाते हैं जिससे मरीजों को दवा नहीं मिल पाती है। इस पर उन्होंने चिकित्सा प्रभारी को चेतावनी देते हुए कहा कि कार्रवाई हो सकती है इसलिए अनुशासन और समय का विशेष ध्यान रखें। सीएमओ डा. मोहन झा ने कहा कि रविवार को अवकाश का दिन होता है इसलिए कर्मचारी छुट्टी करते हैं लेकिन स्वास्थ्य विभाग में रविवार को मरीजों को दवा दिलाने को शासन स्तर से मुख्यमंत्री आरोग्य मंदिरों पर मेले आयोजित किए जाते हैं। जहां पर डॉक्टर समय पर नहीं पहुंचते हैं।

### गर्मी में ओआरएस का रखें पर्याप्त भंडार

सीएमओ डा. मोहन झा ने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि गर्मी को देखते हुए पीएचसी व सीएचसी पर ओआरएस पर्याप्त मात्रा में रखा जाए। मरीजों को ओआरएस दिया जाए। उन्हें इसकी जानकारी दी जाए। साथ ही स्वास्थ्य केंद्रों पर पेयजल की व्यवस्था सुदृण की जाए। शीतल पेयजल लोगों को मुहैया कराएं।

## बाबा साहब पर अभद्र टिप्पणी करने की हुई शिकायत

**बिल्सी, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र में डॉ. भीमराव आंबेडकर पर अभद्र टिप्पणी कर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने का मामला सामने आया है। इस मामले में थाना क्षेत्र के गांव निजामपुर निवासी दो युवकों के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। डॉ. भीमराव आंबेडकर सेवा समिति के पदाधिकारी सुशील गौतम ने आरोप लगाया है कि निजामपुर के दो युवकों ने बाबा साहब के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए उसे सोशल मीडिया पर साझा किया है। इस घटना से क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने मामले को लेकर रविवार को कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रकरण की जांच की जा रही है।

## न्यूज डायरी

### आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में निकाली गई शोभा यात्रा



**संवाददाता, विजय नगला, अमृत विचार :** डॉ भीमराव आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में कस्बे में शोभा यात्रा निकली। शोभा यात्रा में उपस्थित रहे सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। शोभा यात्रा कस्बे भर में घूमी। शोभा यात्रा कस्बा के मुख्य मार्ग बिलहत रोड से प्रारंभ होकर मुख्य चौराहा, बरेली बदायूं रोड, किसान पेट्रोल पंप से होती हुई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंची जहां उसका समापन हो गया। शोभा यात्रा में करीब आधा दर्जन से अधिक झांकियां शामिल थीं। साथ ही, डीजे और ढोल नगाड़े बज रहे थे। शोभा यात्रा में दर्जनों गांव के लोग उपस्थित रहे। शोभा यात्रा में मुख्य कमेटी सदस्य जयपाल सिंह, साधु राम, मुख्त्यार अहमद मुन्ने अली, मुस्लिम, भोले, कृष्ण पाल, राम सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### डिग्री कॉलेज में मनाया गया दो दिवसीय वार्षिक उत्सव, छात्राएं सम्मानित



**बदायूं, अमृत विचार :** गिन्दो देवी महिला महाविद्यालय में दिवसीय वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के समापन पर विभिन्न प्रतियोगिता में विजेता रही छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष विशाल रस्तोगी व सचिव गौरव रस्तोगी ने आरंभ कराया। इस दौरान मुख्य अतिथि विशाल ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास है। समिति सचिव ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान वर्ष भर आयोजित हुई गतिविधियों व प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इसके साथ ही स्नातक फाइनल ईयर की छात्रा वैष्णवी को स्टूडेंट ऑफ द ईयर से नवाजा गया। कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर सरला चक्रवर्ती ने विजेता छात्राओं को बधाई दी। इस मौके पर डॉ शिल्पी तोमर, डॉ श्रद्धा यादव, डॉ वंदना वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### समस्याएं हल न होने पर रोजगार सेवकों ने शुरू की कलमबंद हड़ताल



**संवाददाता बिल्सी, अमृत विचार :** अंबियापुर ब्लॉक प्रांगण में ग्राम रोजगार सेवकों ने अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल शुरू कर दी है। यह हड़ताल उत्तर प्रदेश रोजगार सेवक (पंचायत मित्र) वेलफेयर एसोसिएशन के प्रांतीय आह्वान पर की जा रही है। संगठन द्वारा 16 से 25 अप्रैल तक सांकेतिक हड़ताल का निर्णय लिया गया था, जिसके तहत शनिवार को तीसरे दिन भी कर्मचारी धरने पर डटे रहे। ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह ने बताया कि रोजगार सेवकों को पिछले 26 माह से मानदेय नहीं मिला है, जिससे उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कई बार संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन देने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई। जिलाध्यक्ष शेर सिंह ने कहा कि रोजगार सेवक पिछले 20 वर्षों से लगातार अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं की अनदेखी की जा रही है।

**लापरवाही** — बिसौली क्षेत्र के गांव भटपुरा में व्याप्त हैं जनसमस्याएं, ग्रामीण हेपेटाइटिस के शिकार, गांव में नहीं लगा स्वास्थ्य शिविर

# गंदगी, अतिक्रमण और अव्यवस्था की चपेट में गांव भटपुरा

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** विकास क्षेत्र बिसौली का गांव भटपुरा स्वच्छता अभियान को पलीता लगा रहा है। गंदगी, जलभराव, अतिक्रमण आदि की वजह से ग्रामीण परेशान हैं। गांव अव्यवस्था की भेंट चढ़ा हुआ है। आलम यह है कि गांव में बहुत से ग्रामीण हेपेटाइटिस बीमारी से पीड़ित हैं। कई बार शिकायत के बाद भी समस्या का निस्तारण नहीं किया जा रहा है।

कहने को यह गांव विकास खंड से महज चंदौसी मार्ग पर चार किमी दूर है। फिर भी विकास से महरूम है। यह गांव शिक्षा का हब माना जाता है। गांव में चार इंटर कॉलेज, पांच जूनियर और प्राथमिक विद्यालय हैं। जहां सात हजार से ज्यादा छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। गांव में तकरीबन दो हजार से ज्यादा मतदाता हैं। गांव में दो शीत गृह



खस्ताहाल पड़ा गांव का इन्सीनरेटर।

बने हुए हैं। पिछले लगभग दस साल से गांव मूलभूत सुविधाओं के भी तरस रहा है। पूरे गांव की नालियां चोक और रास्ते टूटे हुए हैं। ग्रामीणों के अनुसार गांव में तैनात सफाई कर्मी बिनावर का रहने वाला है जिसने गांव के व्यक्ति को सफाई के लिए लगा रखा है। बहुत से ग्रामीण गांव की अव्यवस्था को आपसी राजनीति मानते हैं। आरोप है कि अपनी खास लोगों के घरों के सामने ही रास्ते ठीक कराए गए हैं। चारदीवारी की कमी की वजह से संविलियन विद्यालय


भटपुरा की खस्ताहाल गली।

की स्थिति खस्ताहाल है। जहां के खिड़की, दरवाजे चोरी हो गए थे। जल संचयन की स्थिति भी ठीक नहीं है। विद्यालय के चारों ओर गंदगी के ढेर हैं और खेद मैदान, पार्क, बारात घर और श्मशान भूमि की हालत खस्ता है। सार्वजनिक शौचालय शोपीस बनकर रह गए हैं। यहां हमेशा ताला लगा रहता है। ग्राम समाज की जमीन और


विकास क्षेत्र बिसौली के गांव भटपुरा के मार्ग पर व्याप्त जलभराव।

तालाब पर अतिक्रमण कर लिया गया है। कचरा प्रबंधन के लिए बना रिसोर्स रिकवरी सेंटर भी किसी काम का नहीं रह गया। हर घर पेयजल योजना भी गांव में फेल है। ग्रामीणों के अनुसार गांव के गोशाला में कई गोवंश की मौत हो चुकी है। ग्रामीणों ने कहा कि पता नहीं चल रहा कि ग्राम पंचायत में बजट की कमी है या नियत नहीं है।

### हेपेटाइटिस से हो चुकी हैं मौतें, कई हैं बीमार

गांव में गंदगी और दूषित पेयजल की समस्या की वजह से ग्रामीण परेशान हैं। गांव में हेपेटाइटिस जैसी बीमारी फैली है। कइयों की मौत हो चुकी है और 30 से ज्यादा मरीजों का इलाज चल रहा है। कई लोगों की हालत में सुधार है। ग्रामीणों के अनुसार ऐसी बदतर हालत होने के बाद भी गांव में आज तक स्वास्थ्य शिविर नहीं लगाया गया। ग्रामीणों ने बिसौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के जिम्मेदारों से शिविर लगवाने की मांग की जो अनसुनी कर दी गई। जिसकी वजह से ग्रामीणों में बीमारी बढ़ती जा रही है।

ग्राम सचिव ने बताया कि विकास के लिए गांव को पर्याप्त बजट मिल रहा है। कुछ नालियां और पंचायत भवन बनवाया गया है।

न्यूज ब्रीफ

### चोरी की साइकिल के साथ युवक गिरफ्तार

**ओरछी, अमृत विचार :** फैजगंज बेहटा पुलिस ने चोरी करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी की गई साइकिल, एक हजार रुपये बरामद किए। शनिवार को पुलिस गश्त कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक हरिदत्त सैनी, सुशील कुमार विश्नोई गांव सुरेनी पापड़ी से रामवती इंटर कॉलेज जाने वाले मार्ग पर पहुंचे। जहां एक युवक को पकड़ा। जिसने अपना नाम गांव ओरछी निवासी सचिन पुत्र फूल सिंह बताया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

### पुलिस ने किया मुकदमों के माल का निस्तारण

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** थाना कुंवरगांव पुलिस ने 146 माल मुकदमाती का विधिवत निस्तारण किया। इसमें आबकारी अधिनियम से जुड़े 104 और शस्त्र अधिनियम से संबंधित 42 माल मुकदमाती शामिल रहे। न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर निस्तारण की प्रक्रिया पूरी की गई। इस मौके पर सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय, नायब तहसीलदार, थानाध्यक्ष राजेश कौशिक की मौजूदगी में थाना परिस में गड्ढा खोदवाकर माल को दबाया गया। शस्त्र अधिनियम के तहत बरामद तमंचा, चाकू-छुरी व बंदूक को हथौड़े से तोड़कर विनष्ट किया गया। साल 2023 से 2025 के मामलों में यह कार्रवाई की गई है।

### ट्रक की टक्कर से कस्बे के युवक की मौत

**बिल्सी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव रायपुर बुजुर्ग निवासी एक युवक की पंजाब के अंबाला में हुए सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि युवक का सिर धड़ से अलग हो गया और शरीर के कई टुकड़े हो गए। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। गांव रायपुर बुजुर्ग निवासी 36 वर्षीय शिवकांत मौर्या पंजाब के अंबाला में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके पिता दुर्गपाल मौर्य ने बताया कि शनिवार सुबह करीब छह बजे शिवकांत ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी ट्रॉली में जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि शिवकांत का सिर धड़ से अलग हो गया और शरीर के कई टुकड़े हो गए। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा तो परिजनों में चीख-पुकार मच गई। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।



कार्यक्रम में उपस्थित ब्राह्मण सभा के पदाधिकारी व सदस्य। ● अमृत विचार



शोभा यात्रा में शामिल झांकी।



शोभा यात्रा में कार्यकर्ताओं के साथ सदर विधायक। ● अमृत विचार

# हर्षोल्लास से मनाई भगवान परशुराम जयंती

## परशुराम जयंती पर शहर में निकली शोभा यात्रा, शोभा यात्रा के दौरान तैनात रही भारी फोर्स और मजिस्ट्रेट

- परशुराम के चित्र के सामने दीप प्रजज्लवित कर हुई कार्यक्रम की शुरुआत
- सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए प्रस्तुत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** भगवान परशुराम का जन्मोत्सव जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन ब्राह्मण धर्मशाला स्थित भगवान परशुराम मंदिर में यज्ञ व पूजन के साथ किया। मुख्य यजमान के रूप में पंडित मुकेश शर्मा व उनकी पत्नी रहे।

पुरोहित आचार्य रंजीत भारद्वाज रहे। कार्यक्रम अध्यक्ष राम बहादुर पांडे व समिति अध्यक्ष कौशलानंद उर्फ लालन पांडे द्वारा भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। भागवत कथा वाचक विश्वेश्वरी देवी ने स्वस्ति वाचन किया। इसके बाद शहर में शोभा



मंदिर में हवन पूजन करते लोग। ● अमृत विचार

यात्रा भी निकाली गई। शोभा यात्रा में सुंदर झांकियां शामिल रहीं। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी रही।

धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने सरस्वती वंदना तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र पांडेय, मंत्री राजेश शर्मा, समिति के अध्यक्ष कौशलानंद उर्फ लालन पांडेय के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। वक्ताओं ने भगवान परशुराम के जीवन से सीख लेने की अपील की व समाज के लिए समानता के साथ पूर्ण रूप से समर्पित रहने का आवाहन किया। इसके बाद ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में शहर में शोभा यात्रा निकाली गई। ब्राह्मण धर्मशाला से शुरू हुई शोभा यात्रा को सदर विधायक महेश



भगवान परशुराम की आरती उतारते लोग। ● अमृत विचार

चंद्र गुप्ता, कैलाश चंद्र पांडेय, अमित द्वारा भगवान परशुराम की पूजा कर आरंभ कराया। शोभा यात्रा में स्कूली बच्चों की झांकियां, व्यवसायिक बैंड, काली के अखाड़े, परशुराम के जीवन वृंत का सुंदर झांकी शामिल थी। शोभा यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों पर घूमी। इस मौके अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र पांडेय, ब्रह्मानंद शर्मा, रविन्द्र नाथ द्विवेदी, संजय शर्मा, पंकज शर्मा सहित तमाम कार्यकर्ता शामिल रहे।

### गांव ककराला में धूमधाम से मनाई गई भगवान परशुराम की जयंती

**संवाददाता, उघैती, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव ककराला में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। समाज के लोगों ने विधि-विधान से हवन पूजन किया। इसके बाद शोभायात्रा निकली जिसमें हजारों की कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम की आरती और माल्यार्पण के साथ हुआ। इस दौरान शस्त्र पूजा का आयोजन किया गया। पूजन के पश्चात बैंड-बाजे और डीजे की गूंज के साथ शोभा यात्रा शुरू हुई। शोभा यात्रा में भगवान परशुराम, देवों के देव महादेव, मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण, राधा-कृष्ण की झांकियां सहित मां काली का अखाड़ा शामिल रहा। शोभा यात्रा में लोग बज रहे भजनों की धुनों पर झूमते और गुलाल उड़ाते चल रहे थे। शोभा यात्रा पर जगह-जगह फूलों की वर्षा की गई। आयोजन में मुख्य रूप से अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद उपाध्याय मौजूद रहे। उनके साथ तेज प्रकाश पाठक, रजनीश पाठक, विकास यादव, संजू शर्मा, विनीत पाठक, शिवम पाठक सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। शोभा यात्रा के शांतिपूर्ण समापन और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन का विशेष सहयोग रहा।

### भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर हवन पूजन

**संवाददाता, उझानी, अमृत विचार :** रविवार को बिहारी जी मंदिर पर भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर हवन का आयोजन किया गया। समाज के लोगों ने हवन में आहुतियां डाली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रेम स्वरूप पाठक, हाथरस जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा उपाध्याय, अनिल मिश्रा, आरके शर्मा पूर्व विधायक राजेश कुमार मिश्रा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## दो सगी बहन और महिला लापता, दर्ज हुई रिपोर्ट

**विजय नगला, अमृत विचार :** दो अलग-अलग गांव से दो सगी बहन और एक महिला लापता हो गईं। परिजनों ने बहला-फुसलाकर ले जाने की तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके किशोरियों की तलाश शुरू कर दी है। दो सगी बहनों के परिजनों ने बताया कि वह दोनों बिनावर जाने की बात कहकर घर से निकली थीं लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। रिश्तेदारी में जानकारी करने पर भी पता नहीं चला। आरोप लगाया कि उसावां थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक दोनों बहनों को बहलाकर ले गया है। पुलिस ने मामला दर्ज किया। दूसरे मामले में व्यक्ति ने बताया कि बेटी की शादी की थी। वह एक सप्ताह पहले ही ससुराल से वापस आई थी।

## कस्तूरबा स्कूलों में अगस्त माह में तिमाही और अक्टूबर में होगी छमाही परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूलों में निशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहीं छात्राओं के शैक्षिक स्तर में सुधार के प्रयास जारी है। उनके शैक्षिक स्तर में सुधार के लिए हर माह मासिक परीक्षा कराई जाएगी। अगस्त माह में तिमाही, अक्टूबर माह में अर्द्धवार्षिक और मार्च माह में वार्षिक परीक्षा होंगी। मासिक परीक्षा के अंक जोड़े जाएंगे वहीं स्कूलों में हर माह विभिन्न गतिविधियों के साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। राज्य परियोजना निदेशक की ओर से कस्तूरबा विद्यालयों के लिए शैक्षिक कैलेंडर जारी किया गया है। बीएसए ने सभी स्कूलों की वार्डन और खंड शिक्षा अधिकारियों को शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार शिक्षक कार्य करने के आदेश दिए हैं।

जिले में 18 कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूल संचालित हैं। इनमें 16 स्कूल अपग्रेड हो गए हैं। दो अपग्रेड किया जाना है। एक अप्रैल से शुरू हुए शैक्षिक सत्र में अपग्रेड स्कूलों में कक्षा नौ से 12 तक की कक्षाएं संचालित कर दी गईं हैं। नए शैक्षिक सत्र के लिए शिक्षा निदेशक द्वारा शैक्षिक कैलेंडर जारी किया गया है। जारी किए गए शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार इन स्कूलों में हर माह मासिक टेस्ट किए जाएंगे जिसमें अप्रैल माह के अंत में दो मई को पहला टेस्ट लिया जाएगा। अन्य महीनों में पहली या फिर दूसरी तारीख में टेस्ट कराए जाएंगे। इससे छात्राओं पर पढ़ाई का बोझ कम पड़ेगा। अगस्त में तिमाही, अक्टूबर के अंत में अर्द्धवार्षिक और मार्च में वार्षिक परीक्षाएं कराई जाएगी। मासिक परीक्षा के नंबर वार्षिक मूल्यांकन में जोड़े जाएं। इसके अलावा खेलकूद सहित अन्य गतिविधियों का भी आयोजन कराया जाएगा।

> कस्तूरबा गांधी स्कूलों में पढ़ाई को लेकर शैक्षिक कैलेंडर जारी हो गया है। शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार ही शिक्षण कार्य कराया जाएगा। इसके आदेश वहां की वार्डन और बीईओ को जारी कर दिए हैं। डीसी बालिका को स्कूलों का निरीक्षण करने को कहा गया है। **वीरेंद्र कुमार सिंह**, बीएसए

### यह गतिविधियां होंगी आयोजित

जारी हुए शैक्षिक कैलेंडर के तहत पूरे साल हर माह कस्तूरबा स्कूलों में अलग-अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। अप्रैल माह में हिंदी भाषण प्रतियोगिता, मई में अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता, जुलाई में अंग्रेजी कविता पाठ प्रतियोगिता, अगस्त में हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता, सितंबर में हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता, अक्टूबर में अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता, नवंबर में हिंदी निबंध लेखन, दिसंबर में अंग्रेजी निबंध लेखन, जनवरी में हिंदी सुलेख प्रतियोगिता और फरवरी में अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाएगा।

### 20 मई से ग्रीष्म और 31 जनवरी से होगा शीतकालीन अवकाश

परिषदीय स्कूलों के साथ कस्तूरबा स्कूलों में भी 20 मई से 15 जून तक ग्रीष्मावकाश रहेगा। 16 जून से शिक्षा सत्र फिर से शुरू किया जाएगा। शीतकालीन अवकाश 31 जनवरी से 14 जनवरी के बीच तक रहेगा।

## बदायूं के खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- ओपन यूपी स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में 14 पदकों की झड़ी

**अमृत विचार :** लखनऊ स्थित के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम के बैडमिंटन हॉल में 16 से 18 अप्रैल तक आयोजित ओपन उत्तर प्रदेश राज्य ताइक्वांडो चैंपियनशिप में बदायूं के खिलाड़ियों ने अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए 8 स्वर्ण, 3 रजत एवं 3 कांस्य पदक सहित कुल 14 पदक जीतकर जिले का गौरव प्रदेश में ऊंचा किया। रविवार को एक कार्यक्रम में पदक विजेताओं के नामों की घोषणा की गई।

जिला ताइक्वांडो संघ, बदायूं के अध्यक्ष मेंहदीरत्ता के अनुसार यह प्रतियोगिता सब-जूनियर, कैडेट, जूनियर एवं सीनियर (बालक एवं बालिका) वर्गों में फाइट एवं पूमसे स्पर्धाओं के अंतर्गत आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में बदायूं के उदीयमान खिलाड़ियों ने अपने जुझारूपन, तकनीकी दक्षता और अनुशासन का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सभी का ध्यान आकर्षित किया। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अजय पाल सिंह ने सीनियर टीम पूमसे स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी निरंतर श्रेष्ठता को एक बार फिर सिद्ध किया और टीम के लिए प्रेरणास्रोत बने। रविवार को ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में विजेताओं को नाम की घोषणा की गयी। विजेताओं में स्वर्ण पदक विजेताउर्वा खान, पूर्णिमा गुप्ता, देविका त्रिपाठी, नैना सारस्वत, यश सारस्वत, दर्श सारस्वत एवं हर्ष पटेल आदि रहे जबकि रजत पदक विजेताओं में अलिशबा फातमा, अक्षरा त्रिपाठी एवं प्रणव सारस्वत रहे।

कांस्य पदक विजेता में निपुण वैश्य, रमन राठौर व वंशिका राज का नाम शामिल रहा।

### 15 मई से तेलंगाना में होगी प्रतियोगिता

इन शानदार उपलब्धियों के आधार पर चयनित खिलाड़ी अब ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 15 से 17 मई को तेलंगाना के जोगुलंबा गडवाल जिले में आयोजित 16वीं ओपन राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। खिलाड़ियों की इस ऐतिहासिक सफलता पर गिरधारी सिंह राठौर, मुकेश सारस्वत, उपाध्यक्ष नीरज शर्मा, ईशान मेंदीरत्ता एवं उपाध्यक्ष अक्षज रस्तोगी ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी विजेताओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## महिला की मौत, कीटनाशक पदार्थ देकर मारने का आरोप

संवाददाता, उसहैत

**अमृत विचार :** उसहैत थाना क्षेत्र के गांव बंगश नगला में शनिवार को एक महिला की मौत हो गई। सूचना पर मायका पक्ष पहुंचा। महिला के भाई ने ससुरालीजनों पर कीटनाशक पदार्थ पिलाकर हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

जिला शाहजहांपुर के थाना भरथौल क्षेत्र के गांव अल्लाहगंज निवासी विजय पाल ने बताया कि उनकी बहन फूलन देवी (35) की शादी उसहैत क्षेत्र के गांव बंगश नगला निवासी बिजनेस के साथ की थी। आरोप है कि फूलन देवी के पति, ससुर, चचिया ससुर आदि शराब पीकर उन्हें परेशान करते थे। बिजनेस के भतीजे हिमांशु ने फूलन देवी की मौत की सूचना दी थी। विजय पाल ने षड्यंत्र रचकर कीटनाशक पदार्थ देकर हत्या करने का आरोप लगाया। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया। गांव के पास शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने बताया कि महिला की मौत हुई थी। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। आगे की जांच की जा रही है।

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिले
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला
कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

### समीक्षा अधिकारी बनने पर किया गया स्वागत

**बदायूं, अमृत विचार :** सहसवान के मोहल्ला पट्टी निवासी गुड्डू वाल्मीकि का उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा समीक्षा अधिकारी पद पर चयन होने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। उनकी सफलता पर रविवार को समारोह आयोजित कर उनका स्वागत किया गया।

स्वागत समारोह में नगरवासियों, समाज के लोगों व शुभचिंतकों ने गुड्डू वाल्मीकि को फूल-मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। मिठाई बांटकर खुशी मनाई। उन्होंने कहा कि गुड्डू वाल्मीकि ने अपनी मेहनत और लगन से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वक्ताओं ने कहा कि उनकी सफलता से क्षेत्र के युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। समारोह में कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

राहत | हरिद्वार डैम में पानी बढ़ने पर बिजनौर बैराज को पानी डिस्चार्ज किया गया जिससे नरौरा डैम ओवरफ्लो हो गया

## नरौरा बैराज से छोड़ा गया गंगा का पानी तीन दिन बाद कम हुआ

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- उसहैत के तटवर्ती इलाकों में उतरा पानी
- नरौरा डैम से छोड़ा था पंद्रह हजार क्यूसेक पानी

**अमृत विचार :** नरौरा बैराज से छोड़ा गया पन्द्रह हजार क्यूसेक पानी रविवार को कुछ कम हुआ। इसके बाद गंगा किनारे के किसानों ने राहत की सांस ली। तीन दिन तक ऊपर तक बह रही गंगा ने तटवर्ती लोगों को डरा दिया था। पानी कम होने के बाद अब स्थिति सामान्य होती दिख रही है।

पिछले कई दिनों से पहाड़ों पर रुक-रुक कर बारिश हो रही है। बारिश का पानी हरिद्वार डैम में आ रहा है। इससे डैम में जलस्तर बढ़ने लगा। हरिद्वार डैम में पानी बढ़ने पर बिजनौर बैराज को पानी डिस्चार्ज किया गया। बिजनौर बैराज से नरौरा बैराज को पानी डिस्चार्ज किया गया जिससे नरौरा डैम ओवरफ्लो हो गया। 15 अप्रैल को नरौरा डैम से 15 हजार क्यूसेक पानी गंगा नदी में छोड़ा गया जिसके बाद बढ़ा हुआ पानी महावा नदी से होता हुआ कछला और हुसैनपुर बांध पार कर उसहैत क्षेत्र में पहुंचा, तो गंगा ऊपर तक बहने लगी।

अचानक गंगा में पानी बढ़ने से स्थानीय किसानों की धड़कनें बढ़ गईं। गंगा किनारे खड़ी पालेज को नुकसान होने का डर सताने लगा। किसानों ने कहा कि यदि गंगा में कुछ और पानी बढ़ता है तो खेतों में पानी भर जाएगा जिससे गंगा किनारे की फसलें और पालेज नष्ट हो जाएगी। तीन दिन के बाद रविवार को गंगा में कुछ पानी कम हुआ।



कछला क्षेत्र में बह रही गंगा।

इसके बाद किसानों ने राहत महसूस की। उसहैत के जटा निवासी रामनिवास ने कहा कि इस समय गंगा में पानी बढ़ना बड़ा खतरा है। खेतों में फसलें तैयार हो रही हैं। एक बार पानी भरने से ही फसल नष्ट हो जाएगी, इसलिए गंगा में पानी बढ़ना हानिकारक है। उसहैत और अटेना घाट पर तीन दिन से लोगों को गंगा के अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है। गंगा में पानी अधिक होने से खतरा पैदा हो गया था। रविवार को अटैना घाट पर लोगों ने स्नान किया। कछला गंगा में भी जलस्तर बढ़ने से खतरा महसूस किया जा रहा था जिससे बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को कुछ स्थानों पर जाने से रोका गया था लेकिन आज से पानी कम होते ही स्थिति सामान्य होने लगी।

### ककोड़ा के कादरचौक क्षेत्र में गंगा के रौद्र रूप से सहमे रहे किसान

कादरचौक और ककोड़ा क्षेत्र में करीब 80 प्रतिशत स्थानीय किसान गंगा किनारे पालेज लगाते हैं। पालेज में एक बार पानी भर जाने से पूरी पालेज नष्ट हो जाती है। कादरचौक और कादरगंज के बीच गंगा का रौद्र रूप देख कर किसानों के होश उड़ गए। इस क्षेत्र में स्थानीय किसान पालेज और हरी सब्जियां उगाते हैं इन्ही फसलों से उनका जीवन यापन होता है। इस क्षेत्र में करीब पांच हजार हेक्टेयर रकबा में गंगा की रेती है। गंगा में अधिक पानी आने पर पूरा इलाका जलमग्न हो जाता है जिससे बड़ा नुकसान होता है।

> तीन दिन पहले नरौरा से छोड़ा गया पानी अब सामान्य स्थिति में है। कहीं से भी नुकसान होने की सूचना नहीं है। पानी गंगा में ही रहा। यदि बीस हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जाता तो किसानों को नुकसान हो सकता था। अब स्थिति सामान्य है। **-उमेश चंद्रअधिशसी, अभियंता बाढ़ खंड**

